भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.717

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

मदुरै में सड़क परियोजनाएं

717. श्री एस॰ वेंकटेशनः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु के मदुरै जिले में कार्यान्वयनाधीन अवसंरचनात्मक और सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्यत: राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार है। तमिलनाडु के मदुरै जिले में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और पूरा करने की तारीख का ब्यौरा **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

अनुलग्नक

'मदुरै में सड़क परियोजनाएं' के संबंध में श्री एस॰ वेंकटेशन **द्वारा दिनांक 21.11.2019 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 717 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

1. तमिलनाडु राज्य के मदुरै जिले में राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यान्वयन के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**सं.**	**कुल परियोजना लागत (करोड़ रु. में)**	**निर्धारित तारीख**	**पूरा करने की संभावित तारीख**	**भौतिक प्रगति**
1	तमिलनाड़ राज्य में रारा-49 वि. के चयनित खंडों में किमी 10/6 - 19/8 के बीच मध्यवर्ती मीडियन सहित किमी 15/2 पर फ्लाइओवर और निर्मित क्षेत्र में जमा पानी निकासी नाली का निर्माण (ईपीसी मोड)	1	52.04	06.11.2019	05.10.2020	06.11.2019 को कार्य प्रारंभ

2. तमिलनाडु राज्य के मदुरै जिले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कार्यान्वयन के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**लंबाई (किमी में)**	**कुल परियोजना लागत (करोड़ रु. में)**	**निर्धारित तारीख**	**पूरा करने की संभावित तारीख**	**31.10.2019 तक भौतिक प्रगति**
1	रारा-785 के मदुरै - चेत्तीकुलम खंड के किमी 0/000 से किमी 7/300 तक को 4-लेन का बनाना	7.30	679.98	05.11.2018	04.11.2020	25.22%
2	रारा-785 के चेत्तीकुलम से नाथम खंड के किमी 7/300 से किमी 36/960 तक को 4-लेन का बनाना	29.39	837.61	05.11.2018	04.11.2020	22.19%

*****